एक नजर में

## लमटी वाले बजरंग मंदिर के पुजारी का निधन

**बैतूल।** शाहपुर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बड़े बजरंग मंदिर लमटी वाले के पुजारी अज्जू परसाई (अजय परसाई) का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से शाहपुर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। अज्जू परसाई लंबे समय से बड़े बजरंग मंदिर में श्रद्धालुओं की सेवा और धार्मिक कार्यों से जुड़े हुए थे। उनकी सरलता, धार्मिक आस्था और समाज के प्रति समर्पण के कारण वे क्षेत्र में सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन पर श्रद्धालुओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों सहित क्षेत्रवासियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## सरपंच संघ ने स्कूल में किया पौधारोपण

**बैतूल।** शासकीय माध्यमिक शाला मालवर में सरपंच संघ घोड़ाडोंगरी संघ की अध्यक्ष श्रीमती सहनवती कवड़े के जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा श्रीमती सहनवती कवड़े को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान शासकीय माध्यमिक शाला मालवर परिसर में आम और जाम के पौधे रोपे गए, ताकि आने वाले समय में विद्यालय परिसर हरियाली से आच्छादित हो और विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश पहुंचे। इस अवसर पर सरपंच संघ घोड़ाडोंगरी के पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। जन्मदिन समारोह को औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए उसे सामाजिक दायित्व से जोड़ने की इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। सभी ने अध्यक्ष श्रीमती सहनवती कवड़े को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## गांव की बेटी रोशनी धुर्वे बनी आरक्षक

**पाथाखेड़ा।** मोराडोगरी की बेटी रोशनी धुर्वे ने अपने हौसलों और मेहनत के दम पर मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रोशनी किसान, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व सरपंच नंबो रेवलु धुर्वे की पुत्री हैं। सीमित संसाधनों और सरकारी स्कूल में पढ़ाई करने के बावजूद उन्होंने कठिन परिस्थितियों में लगातार मेहनत कर यह सफलता हासिल की। रोशनी की उपलब्धि से गांव, परिवार और आदिवासी समाज में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया है। उनकी सफलता आज गांव की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। पारंपरिक सेवा समिति छोटा महादेव, भोपाली समिति, बौद्ध विहार सारनी सहित समाज के अनेक लोगों ने रोशनी को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## बारिश से ताप्ती वार्ड के घरों में घुसा पानी

**मुलताई।** नगर में बुधवार-गुरुवार की रात हुई तेज बारिश से ताप्ती वार्ड के घरों में पानी भर गया। जिससे संतरा मंडी क्षेत्र एवं बडे हनुमान मंदिर के पास का क्षेत्र प्रभावित हुआ। घरों में घुटने घुटने पानी भर जाने से घरों में रखा सामान गीला हो गया,प्रभावित लोगो को रात्रि भर जाग कर घरों से पानी निकालना पड़ा।

# खेती और पैसों के विवाद में बेटे ने मां के साथ मिलकर की पिता की हत्या

**नवभारत न्यूज**

**आमला, 2 जुलाई. पुलिस ने कुड़मुड नदी के पास मिले अज्ञात शव के मामले का खुलासा करते हुए हत्याकांड का पर्दाफाश किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि खेती करने और पैसों को लेकर चल रहे विवाद के कारण बेटे ने अपनी मां के साथ मिलकर पिता की गला घोंटकर हत्या कर दी।**

पुलिस ने माँ-बेटे दोनों को किया गिरफ्तार

हत्या छिपाने शव को नदी के सूखे हिस्से में छिपा दिया



हत्या के बाद शव को नदी के सूखे हिस्से में छिपा दिया और पुलिस को गुमराह करने के लिए मां ने पति की झूठी गुमशुदगी भी दर्ज करा दी।पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवं एसडीओपी आमला के मार्गदर्शन में थाना आमला पुलिस ने मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच की। 25 जून को आमला क्षेत्र की कुड़मुड नदी की सूखी पुलिया के पास एक अज्ञात शव मिला था। बाद में उसकी पहचान ग्राम शंभुढाना बड़ाखारी निवासी लब्बू यादव के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला घोंटना पाए जाने के बाद पुलिस ने हत्या के एंगल से जांच शुरू की।

**माँ-बेटे ने ही रची थी हत्या की साजिश :** जांच में पता चला कि मृतक का पुत्र संदीप यादव खेती करने, खर्च के लिए पैसे नहीं मिलने तथा घरेलू विवादों को लेकर अपने पिता से नाराज था। आरोप है कि उसने अपनी मां सुनीता यादव के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 22-23 जून की दरम्यानी रात रेलवे स्टेशन से लौटते समय संदीप ने गमछे से पिता का गला घोंट दिया और शव को कुड़मुड नदी के सूखे हिस्से में ले जाकर छिपा दिया। पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी होने के बावजूद सुनीता यादव ने अपने पुत्र का साथ दिया, साक्ष्य छिपाने में मदद की तथा बाद में थाना बोरदेही में पति की झूठी गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। जांच में यह भी सामने आया कि वह अपने पुत्र को मृतक के खिलाफ लगातार उकसाती रही थी।

### इन धाराओं में अपराध पंजीबद्ध हुआ

साक्ष्यों के आधार पर थाना आमला में अपराध क्रमांक 277/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 238(ए) एवं 3(5) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है इस अंधे हत्याकांड के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बलराम यादव, सहायक उपनिरीक्षक मूलचंद अनंत तथा थाना आमला की पुलिस टीम ने वैज्ञानिक जांच, साक्ष्यों के सूक्ष्म विश्लेषण और गहन विवेचना के आधार पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मिर्च पाऊडर झोंककर लूट का प्रयास, शोर मचाते ही भागे बदमाश

बैतूल। शहर के गंज थाना क्षेत्र में बुधवार रात दो किराना व्यापारियों से मिर्च पाउडर झोंककर लूट का प्रयास किया गया। व्यापारी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने उन पर हमला किया। हालांकि, व्यापारियों के शोर मचाने और लोगों के पहुंचने पर बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना शहर के सबसे संवेदनशील इलाके में हुई, जो पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और पुलिस लाइन से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, प्रेमी किराना के संचालक ललित कुमार पोपली और निर्मल पोपली बुधवार रात करीब 10 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। गंज के रामकृष्ण बगिया के पास मुख्य मार्ग से अंदर मुड़ते ही काले और लाल रंग की बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका। आरोपियों ने व्यापारियों की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और चाकू दिखाकर लूटने का प्रयास किया। व्यापारियों की चीख-पुकार सुनकर लोग जमा होने लगे। लोगों को अपनी ओर आता देख दोनों बदमाश अपनी बाइक से मौके से फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि बदमाश पहले से ही व्यापारियों की रेकी कर रहे थे। दुकान बंद होने के बाद उन्होंने व्यापारियों का पीछा किया और वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। गुरुवार एसपी वीरेंद्र जैन और गंज थाना प्रभारी नीरज पाल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच-पड़ताल की।

## दीक्षारंभ समारोह में छात्राओं को तनाव प्रबंधन का मिला मंत्र

**बैतूल।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय, बैतूल में नवप्रवेशित स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए आयोजित दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधि के तहत तनाव प्रबंधन एवं जीवन कौशल विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को तनाव के कारणों, उसके प्रभावों तथा जीवन कौशल विकसित कर सकारात्मक एवं संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।




एनटीएफ नोडल अधिकारी श्रीमती माधुरी पल्ले ने व्याख्यान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्राओं को तनाव के कारणों एवं उसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने के साथ ही आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि तनाव को जीवन की चुनौती मानते हुए उसका सकारात्मकता के साथ सामना करना चाहिए तथा आवश्यकता पड़ने पर शिक्षकों एवं परामर्शदाताओं से मार्गदर्शन लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम की विषय विशेषज्ञ श्रीमती शिखा भौराषे, वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक एवं काउंसलर, ने मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा, मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के उपाय तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पाँच महत्वपूर्ण स्टेप की जानकारी दी, जिनका पालन कर तनाव को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है। उन्होंने तनाव के विभिन्न कारणों एवं उसके प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्राओं को नियमित योग, ध्यान, संतुलित दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

## रेत के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्यवाही

**बैतूल।** भैंसदेही तहसील के ग्राम चिचोलीढाना एवं भैंसदेही नगर स्थित निजी भूमि पर खनिज रेत के अवैध भण्डारण की सूचना मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैंसदेही के नेतृत्व में राजस्व एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही करते हुए उक्त क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौका निरीक्षण के दौरान ग्राम चिचोलीढाना में मंदिर ट्रस्ट के नाम दर्ज भूमि पर अंशुल राठौर निवासी चिचोलीढाना द्वारा लगभग 70 घन मीटर खनिज रेत का अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया। इसी प्रकार भैंसदेही नगरीय क्षेत्र में



दीपक नरवरे निवासी भैंसदेही द्वारा लगभग 40 घन मीटर खनिज रेत का अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया।

जांचकर्ता अधिकारी द्वारा उक्त दोनों क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित खनिज को विधिवत जप्त कर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की गई। उपरोक्त अवैध भण्डारणकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत अर्थदण्ड की राशि प्रस्तावित कर प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## भैंसदेही की छात्रा का एनआईएफटी भोपाल में चयन

**बैतूल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भैंसदेही की छात्रा पदमा मर्सकोले ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एनआईएफटी, भोपाल के बैचलर ऑफ डिज़ाइन पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रा पदमा मर्सकोले ने कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय की परीक्षा 89.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। उसकी इस उपलब्धि के पीछे उसकी मार्गदर्शक सुश्री श्रद्धा गैरोला, पीजीटी (कॉमर्स) का अथक परिश्रम, सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। छात्रा की सफलता पर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, तथा सहायक आयुक्त श्रीमती वत्सला शिवहरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा, उसके अभिभावकों, मार्गदर्शक शिक्षिका एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विद्यालय के प्राचार्य निशांत भाई पंड्या ने इस सफलता का श्रेय छात्रा की लगन, निरंतर मेहनत तथा शिक्षिका के समर्पित मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

## कबाडी से सड़क पर कबाड़ रखने रुपए की मांग

**मुलताई।** नगर के आजाद वार्ड में आम रास्ते पर कबाड़ा सामान रखने का मामला गर्माता जा रहा है। वार्ड में निवास करने वाले एक व्यक्ति द्वारा कबाड़ी पर सड़क पर कबाड़ा रखकर रास्ता जाम करने की जन सुनवाई में शिकायत की थी। अब कबाड़ व्यापारी ने उक्त व्यक्ति पर डरा-धमकाकर रंगदारी मांगने और पूरे मोहल्ले को परेशान करने के आरोप लगाए है। व्यापारी ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को आवेदन देकर बताया आजाद वार्ड निवासी आवेदक मोहम्मद फाजील पिता नूरुल हुदा ने बताया कि वे वार्ड में ही रहकर स्क्रैप (कबाड़) खरीदने का कार्य करते हैं। आरोप है कि मोहल्ले के ही



कुछ लोग शब्बीर पिता यूसुफ खान, मेहबूब पिता यूसुफ खान, रेशमा पति शब्बीर खान और सानू पति मेहबूब खान आए दिन उनके साथ गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने या धंधा बंद कराने की धमकी देते हैं। आवेदक का कहना है की अनावेदकगणों द्वारा उनसे सीधे पैसे की मांग की गई, नही देने पर धंधा नही चलने देने की धमकी दी है। व्यापारी ने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया कि ये लोग न सिर्फ उनके साथ, बल्कि पूरे मोहल्ले वालों के साथ आए दिन विवाद करते हैं। इसके बाद मोहल्ले वालों की झूठी शिकायतें कर, दबाव बनाकर रुपये लेकर समझौता करते हैं।

## परिक्रमा मार्ग का सीमांकन कराकर हटाया जाए अतिक्रमण

**मुलताई।** मां ताप्ती उदगम सरोवर के परिक्रमा मार्ग पर लोगो द्वारा अतिक्रमण कर रखा है, जिससे ताप्ती उदगम सरोवर पर आने वाले वाले भक्तो को परेशानी होती है। परिक्रमा मार्ग का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ताप्ती भक्तो ने एसडीएम एवं सीएमओ को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में बताया ताप्ती सरोवर के मूल खसरा क्रमांक 580 जल स्त्रोत के चारों ओर टीएसपी के प्रावधानों के अनुसार 30-30 मीटर क्षेत्र रिक्त एवं संरक्षित रखा जाना आवश्यक है, लेकिन वर्तमान में इस नियम का भी व्यापक उल्लंघन हो रहा है। मां ताप्ती भक्तो ने ताप्ती उद्गम सरोवर एवं परिक्रमा मार्ग का तत्काल राजस्व अभिलेखों के अनुसार सीमांकन कराने,खसरा क्रमांक 579, 582, 552, 557, 393 एवं 580 के आसपास किए गए अवैध अतिक्रमण की जांच कर नियमानुसार हटाने की कार्रवाई करने,परिक्रमा मार्ग पर सभी प्रकार के निजी एवं व्यावसायिक वाहनों के आवागमन पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने, मूल उद्गम क्षेत्र के चारों ओर निर्धारित 30-30 मीटर संरक्षित क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त कर सुरक्षित रखने बिना विधिक अनुमति निर्मित निजी निर्माण एवं मंदिरों की जांच कराने सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग को धार्मिक धरोहर घोषित करते हुए संरक्षण की मांग की है।

## नेता प्रतिपक्ष से मिले युवा कांग्रेस के पदाधिकारी

**बैतूल।** भोपाल में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से बैतूल जिले के युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर संगठनात्मक गतिविधियों सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान बैतूल जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। भोपाल में हुई इस मुलाकात के दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय सरदार यादव, बैतूल विधानसभा अध्यक्ष प्रितेश गंगारे, प्रदेश महासचिव



जितेंद्र इवने, घोड़ाडोंगरी विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र भलावी तथा बैतूल शहर अध्यक्ष मनीष साहू उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से आत्मीय मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों और जिले की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने युवा कांग्रेस पदाधिकारियों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं के बीच सक्रियता बढ़ाने और आम जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने का आह्वान किया।

## सेवानिवृत कर्मचारियों के योगदान को याद किया जायेगा : लिल्होरे

**सारनी।** बिजली उत्पादन में अहम भूमिका निभाने वाले सभी सेवानिवृत कर्मचारियों की सेवाओं को सदैव याद किया जायेगा। उपरोक्त उदगार मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के चीफ इंजीनियर सुशील कुमार लिल्होरे ने कर्मचारियों की सेवानिवृत के बिदाई अवसर पर व्यक्त किये है. पावर प्लांट सारनी से 30 जून को सेवानिवृत्त हुए 11 अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मान में प्रशिक्षण कक्ष में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और




मिष्ठान, पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे मुख्य अभियंता सुशील कुमार लिल्होरे, 660 प्रोजेक्ट मैनेजर एस.एन सिंह ने सभी के दीर्घकालीन सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि इनके कठिन परिश्रम और निष्ठा से ही विद्युत गृह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा है। कहा आप सभी का अनुभव और मार्गदर्शन संस्थान के लिए सदैव महत्वपूर्ण रहेगा। सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव साझा कर प्रबंधन एवं साथियों का आभार जताया। सेवानिवृत्त हुए 11 अधिकारी-कर्मचारी में अजय कुमार वर्मा, श्रीमती प्रेमलता पॉलराज, सतीश कुमार चौहान, भगवान घानेकर, विष्णु पंवार, रमेश कुमार चौरे, राजकुमार गुलतकर, प्रहलाद यादव, मधुकर उघड़े, श्रीमती कमलबाई मोरे, शिवमणि शर्मा सुरक्षा निरीक्षक शामिल है। प्लांट प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान नियमानुसार दावों का भुगतान भी किया गया। समारोह में विद्युत गृह के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी संघ के पदाधिकारी, समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विदाई ▶ सीएमओ मेश्राम ने अपनी कार्यशैली से सभी को किया प्रभावित

## शिक्षक से मुख्य नगर पालिका अधिकारी तक का तय किया सफर

**सारनी।** कुछ लोग सिर्फ नौकरी नहीं करते,बल्कि अपने व्यवहार,कार्यशैली और इंसानियत से लोगों के दिलों में ऐसी जगह बना लेते हैं कि उनकी विदाई एक सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि पूरे शहर के लिए भावुक पल बन जाती है। नगर पालिका परिषद सारनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्र कुमार (सी.के.) मेश्राम की सेवानिवृत्ति भी कुछ ऐसी ही रही ।मंगलवार 30 जून 2026 को 62 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने 42 वर्षों के शासकीय जीवन को विराम दिया ।इनमें लगभग 12 वर्ष उन्होंने प्राथमिक शिक्षक के रूप में बच्चों का भविष्य संवारने में बिताए,जबकि करीब 30 वर्षों तक मध्यप्रदेश



लोक सेवा आयोग से चयनित मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में प्रदेश के अनेक नगरों में अपनी सेवाएं दीं ।सारनी नगर पालिका से उनका जुड़ाव सबसे यादगार रहा। यहां उन्होंने कुल 8 वर्ष 6 माह तक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। 1 अक्टूबर 2018 से 22 सितंबर 2022 तक उन्होंने सफलतापूर्वक कार्य किया। इसके बाद कुछ समय के लिए उनका स्थानांतरण परासिया हुआ, लेकिन 5 दिसंबर 2022 को वे फिर सारनी लौटे और 30 जून 2026 तक नगर की सेवा करते रहे ।अपने कार्यकाल में सी.के.मेश्राम ने विकास कार्यों के साथ-साथ लोगों के दिल भी जीते ।उनकी सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने हर वर्ग के लोगों से संवाद बनाए रखा। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, जनप्रतिनिधि हों या अधिकारी-कर्मचारी,पत्रकार हों या आम नागरिक-हर किसी के साथ उन्होंने सम्मान और तालमेल का रिश्ता कायम रखा ।यही वजह रही कि उनके कार्यकाल में राजनीतिक मतभेद कभी व्यक्तिगत टकराव में नहीं बदले ।लोग अक्सर कहते थे कि मेश्राम साहब मुश्किल से मुश्किल हालात को भी अपनी समझदारी,शालीनता और बेहतर समन्वय से आसान बना देते थे ।20 जून 1964 को बालाघाट जिले के बोरी (लालबर्रा) में जन्मे चंद्र कुमार मेश्राम ने उच्च शिक्षा के प्रति भी हमेशा गंभीरता दिखाई। उन्होंने डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से वर्ष 1990 में राजनीति शास्त्र में एम.ए.तथा वर्ष 1991 में इतिहास विषय से एम.ए.की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद 9 फरवरी 1984 से 15 फरवरी 1996 तक प्राथमिक शाला मोहनगांव में शिक्षक के रूप में सेवाएं दीं। इसी दौरान उनका चयन 26 दिसंबर 1995 को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर हुआ ।15 जनवरी 1996 को रामपुर बघेलान से शुरू हुआ उनका प्रशासनिक सफर सतना,बालाघाट, पांढुर्णा, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, सीहोर,बैतूल सहित अनेक नगरों से होता हुआ अंतत सारनी में आकर पूरा हुआ।

## रक्तदान से बचाई जा सकती है जान : विधायक

**सारनी।** रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है। आज के समय मे रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उपरोक्त उदगार आमला-सारनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने अपने जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए वक्त किये है। इस मौके पर वेकोलि ऑफिसर्स क्लब पाथाखेड़ा में विशाल रक्तदान शिविर, सहभोज मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में लगभग 152 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि मेरा जन्मदिन व्यक्तिगत उत्सव नहीं, बल्कि समाज सेवा का अवसर है। रक्तदान किसी भी जरूरतमंद के लिए जीवनदान है और इससे बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। मेरा संकल्प है



कि हर वर्ष जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाकर समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाया जाए। सेवा, सहयोग और जनकल्याण ही मेरे सार्वजनिक जीवन का उद्देश्य है। रक्तदान, सहभोज समाज में एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का माध्यम हैं। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री डॉ. नरेंद्र शिवाजी पटेल, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री डी.डी. उइके, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. अंकिता सीते, डॉ. विजय रघुवंशी, डॉ. अरुण जय सिंगपूरे एवं उनकी टीम, मंडल प्रभारी राजेश आहुजा, विशाल सिंह ठाकुर, नपा अध्यक्ष मनीष सोलंकी, किशोर बरदे, समस्त यूनियन प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, पुलिस प्रशासन, व्यापारी उपस्थित रहे।